के साथ निर्धारित दिनांको को अपने वार्ड की उचित मूल्य की दुकानों पर संपर्क कर कार्ड बनवाने की कार्यवाही संपादित करवायें।

5 स्थानों पर होगा आज कौविशिल्ड के प्रथम डोज का टीकाकरण

2.2 स्थानों पर होगा कौविशिल्ड व कोवैक्सीन के दुसरे डोज का टीकाकरण

रतलाम 21 जुलाई। रतलाम नगर में कोरोना वैक्सीनेशन किये जाने हेतु 22 जुलाई गुरूवार को 5 वैक्सीनेशन सेन्टरों पर स्लॉट बुकिंग कराने वाले नागरिकों को कौविशिल्ड के प्रथम डोज तथा 2 वैक्सीनेशन सेन्टरों पर कौविशिल्ड के दूसरे डोज व 2 वैक्सीनेशन सेन्टरों पर कोवैक्सीन के दूसरे डोज का टीकाकरण प्रातः 9 बजे से निःशुल्क किया जायेगा।

कौविशिल्ड के प्रथम डोज हेतु मार्निंग स्टार स्कूल इन्द्रलोक नगरए सिंधी गुरूद्वारा मोहन नगरए उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोडए मिड टाउन कम्युनिटी हॉल व सूरज हॉल वेदव्यास कालोनीए कौविशिल्ड के दूसरे डोज हेतु कम्युनिटी हॉल अलकापुरी व डीआरएम ऑफिस दो बत्ती तथा कोवैक्सीन के दूसरे डोज हेतु आईएमए हॉल राजेन्द्र नगर व लायंस हॉल पावर हाउस रोड पर वैक्सीनेशन सेंटर बनाये गये है।

नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

21 जुलाई को 98 टन कचरा जुलवानिया पंहूचा

रतलाम 21 जुलाई । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टे्रचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 21 जुलाई बुधवार को 98 टन कचरा जुलवानिया टे्रचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

21 जुलाई बुधवार को डम्पर व टे्रक्टर ट्रॉली से 58445ए काम्पेक्टर सूखा कचरा 25140ए काम्पेक्टर गीला कचरा 11875 व मैजिक 2920 किलो इस तरह कुल 98380 किलो कचरा जुलवानिया टे्रचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

